भूल ना जाना शेरावालिये

मैया दरश दिखाने आना,
मैया भोग लगाने आना,
मैया पाप हमारे मिटाना,
मैया दुष्कर्मो से बचाना,
भूल ना जाना शेरावालिये....

जय माता दी सारे बोलो जय माता दी..

बिन पतवार की कश्ती जैसा,
ये जीवन है हमारा,
ये जीवन है हमारा,
देखे जहा हम मुड़के देखे,
चारो तरफ अँधियारा,
मैया राह बताने आना,
मैया दिप जलने आना,
मैया हर उलझन सुलझाना,
मैया नैया पार लगाना,
भूल ना जाना शेरावालिये......

जय माता दी सारे बोलो जय माता दी..

सारी दुनिया बेगानी है,
कोई नही है सहारा,
हम सारे मूरख अज्ञानी,
ज्ञान का दो उजियारा,
मैया लाल चुनरिया उड़ाना,
मैया शरण में अपनी बिठाना,
मैया हमको ना ठुकराना,
मैया हमको कभी ना रुलाना,
भूल ना जाना शेरावालिये.......

जय माता दी सारे बोलो जय माता दी..

मैया दरश दिखाने आना,
मैया भोग लगाने आना,
मैया पाप हमारे मिटाना,
मैया दुष्कर्मो से बचाना,
भूल ना जाना शेरावालिये.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32660/title/bhool-na-jana-sherawaliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |